मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : mdmandiboard@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/MIS/2019–20/101/31 भोपाल दिनांक 04 दिसम्बर 2019

प्रति,

(01) संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/नर्मदापुरम (होशंगाबाद)/इंदौर/उज्जैन/
ग्वालियर/चम्बल (मुरैना)/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

(02) सचिव (समस्त),
कृषि उपज मण्डी समिति,
.... जिला ....(म0प्र0)

विषयः—भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रदेश की मण्डी समितियों में आवक होने वाली प्रत्येक जिन्स की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी की डाटा रिपोर्टिंग किये जाने संबंधी।

—0—

समय समय पर आंचलिक संयुक्त संचालकों/उप संचालकों की सम्पन्न मासिक समीक्षा बैठक एवं विडियो कान्फ्रेसिंग समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रदेश की समस्त कृषि उपज मण्डी समितियों में आवक होने वाली प्रत्येक जिन्सों की दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की सही व त्रुटिरहित जानकारी भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर प्रतिदिन डाटा रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के स्थायी निर्देश दिये गये हैं। साथ ही यही जानकारी मण्डी बोर्ड की वेबसाईट https://mpmandiboard.co.in पर भी दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं।

2/ वर्तमान परिस्थितियों में प्रदेश में जिन्स "प्याज (Onion)" की आवक एवं भावों को नियंत्रित करने हेतु राज्य सरकार एवं भारत सरकार के द्वारा मण्डी बोर्ड से दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी दैनिक रुप से उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

3/ दिनांक 30/11/2019 को जिन्स "प्याज (Onion)" की समीक्षा किये जाने पर यह पाया गया कि प्रदेश की जिन्स "प्याज" की आवक वाली मण्डी समितियों के द्वारा अपनी मण्डी होने वाली जिन्स "प्याज" की कुल दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी न तो भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर दर्ज की जा रही है और न ही मण्डी बोर्ड की वेबसाईट पर दर्ज की जा रही है। इस स्थिति के कारण राज्य सरकार व भारत सरकार को वांछित जानकारी उपलब्ध कराने में कठिनाई आ रही है।

साथ ही कुछ मण्डियों के द्वारा भारत सरकार के एगमार्कनेट पर आवक की जानकारी तो दर्ज की जा रही है परन्तु भावों की जानकारी दर्ज न कर निरंक/NR अंकित की जा रही है, यह स्थिति अत्यंत आपत्तिजनक है।

Sandeep

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अंचल की मण्डी समिति में आवक होने वाली समस्त जिन्सों की किस्मवार (वैरायटीवाईज) दैनिक आवक एवं भाव (न्यूनतम, उच्चतम एवं मॉडल भाव) की जानकारी के साथ साथ जिन्स ''प्याज (Onion)'' की दैनिक आवक एवं भाव की जानकारी प्रमुखता के साथ नियमित रुप से प्रतिदिन भारत सरकार के एगमार्कनेट पोर्टल पर डाटा रिपोर्टिंग की जाना सुनिश्चित करायें ताकि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के चाहे जाने पर उन्हें तुरन्त जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। यही जानकारी मण्डी बोर्ड की वेबसाईट पर भी अनिवार्य रुप से दर्ज करायें।

इस कार्य के दैनिक पर्यवेक्षण के लिये अंचल कार्यालय में कंट्रोल रुम स्थापित कर सहायक संचालक अथवा समकक्ष को लगायें एवं उनके नाम, पदनाम एवं मोबाईल नंबर की जानकारी मण्डी बोर्ड मुख्यालय को अविलम्ब भिजवायें। जो मण्डी सचिव इस कार्य में लापरवाही बरतते हैं या रुचि नहीं लेते हैं तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भिजवायें।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/बी–5/2/MIS/2019–20/101/32 भोपाल दिनांक 04 दिसम्बर 2019

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(1) निज सहायक, माननीय मंत्री, मध्यप्रदेश मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास सह अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(2) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल।

(3) Shri B.K. Prusty, Dy. AMA, Directorate of Marketing & Inspection, A-Block, CGO Complex, NH-IV, Faridabad (Haryana) – 121001.

(4) निज सहायक, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(5) अपर संचालक (अंचल प्रभारी), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(6) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक एवं State Project Coordinator (Agmarknet), भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(7) उप कृषि विपणन सलाहकार, भारत सरकार, विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, 245, द्वितीय तल, महाराणा प्रताप नगर, जोन–2 भोपाल।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल